# प्रेस नोट थाना मदनापुर

## जनपद शाहजहाँपुर

### सराहनीय कार्य दिनांक – 31.07.2026

## थाना मदनापुर पुलिस द्वारा महिला से छेड़छाड़ एवं दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना मदनापुर के कुशल नेतृत्व में अपराध की रोकथाम एवं चिन्हित अपराधियों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मदनापुर पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरण –**

दिनांक 23.07.2026 को वादिनी द्वारा थाना मदनापुर पर तहरीर देकर आरोप लगाया गया कि अभियुक्त ने आधार कार्ड माँगने के बहाने उसके घर में प्रवेश कर उसका मुँह दबाकर जबरन चारपाई पर गिराया तथा उसके साथ छेड़छाड़ एवं दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर अभियुक्त द्वारा मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मदनापुर पर मु०अ०सं० 0182/2026, धारा 64(1)/74/115(2)/333/351(3) बी.एन.एस. बनाम कुलदीप यादव पुत्र सिपट्टर यादव निवासी ग्राम सबलपुर, थाना मदनापुर, जनपद शाहजहाँपुर पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ०नि० श्री मोहित कुमार अधाना द्वारा की जा रही है। उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त कुलदीप यादव की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम लगातार प्रयासरत थी। इसी क्रम में आज दिनांक 31.07.2026 को थाना मदनापुर पुलिस टीम क्षेत्र में मौजूद थी। मुखबिर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर अभियुक्त कुलदीप यादव पुत्र सिपट्टर यादव निवासी ग्राम सबलपुर, थाना मदनापुर, जनपद शाहजहाँपुर को मोहनिया मोड़ के पास, थाना मदनापुर क्षेत्र से समय लगभग 07:40 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त  का विवरण-**

कुलदीप यादव पुत्र सिपट्टर यादव निवासी ग्राम सबलपुर थाना मदनापुर जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 25 वर्ष

**पंजीकृत अभियोग का विवरण:-**

मु०अ०सं० 182/2026, धारा 64(1)/74/115(2)/333/351(3) बी.एन.एस. बनाम कुलदीप यादव पुत्र सिपट्टर यादव निवासी ग्राम सबलपुर, थाना मदनापुर, जनपद शाहजहाँपुर।

**अभियुक्त का अपराधिक इतिहास:-**

1. मु0अ0सं0-  68/2026धारा 115(2), 351(3), 352 बीएनएस, थाना मदनापुर , जनपद शाहजहाँपुर।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक/समय-**

मोहनिया मोड के पास थाना मदनापुर क्षेत्र , दिनांक 31/7/2026  समय करीब 07.40 बजे

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री सत्यप्रकाश सिंह थाना मदनापुर, जनपद शाहजहाँपुर।
2. मोहित कुमार अधाना, थाना मदनापुर, जनपद शाहजहाँपुर।
3. का0 विक्रन्त तेवतिया, थाना मदनापुर, जनपद शाहजहाँपुर।